कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय

ब्लाक–03, द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, (छ.ग.)
e-mail:highereducation.cg.gmail.com, website:highereducation.cg.gov.in

कमांक 4162/आउशि/2023 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 18.08.2023

प्रति,

समस्त प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय
छत्तीसगढ

विषयः:– **शासकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को महाविद्यालय आने–जाने हेतु बस के माध्यम से निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने बाबत्।**

–00–

उपरोक्त विषयानुसार लेख है कि 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संदेश के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा की गई है कि "शासकीय महाविद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को घर से कॉलेज और कॉलेज से घर आने–जाने के लिए बस के माध्यम से निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।"

उक्त घोषणा का क्रियान्वयन किए जाने हेतु महाविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के संबंध में निम्नानुसार जानकारी की आवश्यकता है :–

प्रपत्र 01 :–

क्र.	कक्षा	प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्या	निःशुल्क परिवहन सुविधा हेतु इच्छुक विद्यार्थियों की संख्या
1.			
2.			

प्रपत्र 02 :–

क्र.	ट्रैवल्स का नाम	बस रूट का नाम एवं (कहां से कहां तक)	महाविद्यालय के निकटतम बस स्टॉप का समय		परिवहन सुविधा हेतु इच्छुक विद्यार्थियों की संख्या (दूरी के अनुसार)		
			पहुंचने का समय	वापस लौटने का समय	10 किमी तक	11 से 20 किमी तक	20 किमी से अधिक
1.							
2.							

उक्त जानकारी तैयार करने हेतु महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों से संलग्न प्रारूप में आवेदन प्राप्त करते हुए उपरोक्त प्रपत्रों में जानकारी का संकलन किया जाकर जानकारी दिनांक 28.08.2023 तक इस कार्यालय को भेजा जावे।

18/8

(शारदा वर्मा)
आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

निःशुल्क परिवहन सुविधा प्राप्त करने हेतु महाविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला आवेदन पत्र का प्रारूप :–

प्रति,

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय...
....
....

विषय :– घर से महाविद्यालय आने–जाने हेतु निःशुल्क परिवहन सुविधा प्राप्त करने हेतु।

मैं अधोहस्ताक्षरकर्ता मेरे घर से महाविद्यालय आने–जाने हेतु निःशुल्क परिवहन सुविधा का लाभ लेना चाहता हूँ। मेरे संबंध में आवश्यक जानकारी निम्नानुसार है –

1. विद्यार्थी का नाम – ....
2. कक्षा का नाम – ....
3. मोबाईल न (यदि हो तो) – ....
4. महाविद्यालय में प्रवेश की तिथि – ....
5. बस रूट का नाम – ....
6. ग्राम / बस स्टॉप का नाम – ....से महाविद्यालय तक
7. दूरी –
8. समय – आने का .... लौटने का ....
9. इस संबंध में महाविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्य शर्तो का मैं पालन करूँगा / करूँगी।

स्थान –

दिनांक –

विद्यार्थी का नाम – ....

हस्ताक्षर – ....

पूरा पता – ....